आचरण
ग्वालियर, भोपाल एवं सागर से प्रकाशित

महानगर

ग्वालियर
बुधवार 20 मई 2026
05

कलेक्ट्रेट परिसर में आग, फाइलें जलीं

● आचरण संवाददाता

ग्वालियर। कलेक्ट्रेट परिसर में मंगलवार शाम यहां लगे एक ट्रांसफार्मर में शॉर्ट सर्किट के बाद आग लग गई। जिससे हड़कम्प मच गया। जब तक इस पर काबू किया जाता यह कार्यालय के कमरों तक पहुंची जिसमें एसी, फर्नीचर के साथ ही महत्वपूर्ण दस्तावेज और फाइलें भी जलकर खाक हो गईं। हालांकि कर्मचारियों ने फायर अमले के पहुंचने से पहले काफी हद तक आग पर काबू कर लिया। वहीं जानकारी मिलने के बाद फायर ब्रिगेड की एक के बाद एक गाड़ी मौके पर पहुंच गई। लगभग एक घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू किया जा सका। इधर आगजनी की सूचना मिलते ही कलेक्टर रुचिका चौहान के साथ ही एडीएम सीबी प्रसाद तथा अन्य प्रशासनिक अधिकारी भी यहां आ गए।

घटना शाम लगभग साढ़े सात बजे की है, अचानक ही यहां स्थित स्टेट बैंक के सामने लगे ट्रांसफार्मर से चिंगारियां निकलीं और शार्ट सर्किट के साथ पहले इसके पीछे झाड़ियों में आग लगना शुरू हुई और तुरंत ही इसने विकराल रूप लेते हुए कलेक्ट्रट परिसर को अपनी चपेट में ले लिया। कर्मचारियों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए फायर उपकरणों की मदद से आग को बुझाना शुरू किया। इसी दौरान फायर ब्रिगेड भी मौके पर आ गई लेकिन तब तक कर्मचारी काफी हद तक आग को बुझाने में सफल हो गए थे। लेकिन इस दौरान यहां कमरों लगे एसी, फर्नीचर के साथ ही फाइलें भी

कर्मचारियों के साथ फायर अमले ने किया काबू

आग की भेंट चढ़ गईं। हालांकि प्रशासन आग में किसी भी प्रकार के दस्तावेज या फाइलें जलने का खुलासा नहीं कर रहा, लेकिन सूत्रों की मानें तो आग कमरों तक पहुंच गई थी जिससे काफी कुछ सामान जलकर खाक हो गया जिसमें फाइलों के साथ ही महत्वपूर्ण दस्तावेज भी शामिल हैं। लगभग एक घंटे की मशक्कत के बाद आग पर पूरी तरह काबू कर लिया गया। फायर अधिकारी उमंग प्रधान ने बताया कि मौके पर चार गाड़ियां भेजीं गईं थीं लेकिन कर्मचारियों ने काफी हद तक आग पर काबू कर लिया था, इसलिए दो गाड़ी पानी ही खर्च हुआ।

कलेक्ट्रेट कर्मचारियों ने उपकरणों की मदद से बुझाई आग: प्रशासन के अनुसार उसकी पहल पर हाल ही में आयोजित फायर सेफ्टी मेले का यह सकारात्मक परिणाम मंगलवार को आगजनी की घटना के दौरान देखने को मिला। जबकि कलेक्ट्रेट परिसर में लगी आग पर कर्मचारियों ने सूझबूझ और तत्परता दिखाते हुए फायर उपकरणों की मदद से काफी हद तक काबू पा लिया। एसबीआई बैंक के सामने ट्रांसफार्मर के पास लगी आग ने तेजी से आसपास के क्षेत्र को अपनी चपेट में लेना शुरू कर दिया था और यह बैंक सहित नजदीकी दफ्तरों तक पहुंच गई। घटना की जानकारी मिलते ही कलेक्टर रुचिका चौहान सहित जिला प्रशासन के वरिष्ठ अधिकारी तत्काल मौके पर पहुंचे। कलेक्ट्रेट के कर्मचारी भी फायर उपकरण लेकर आग बुझाने में जुट गए। कर्मचारियों ने एकजुट होकर फायर सेफ्टी मेले में मिले प्रशिक्षण का उपयोग किया और फायर ब्रिगेड एवं एसडीआरएफ के पहुंचने से पहले ही लगभग 90 प्रतिशत आग पर काबू पा लिया। लगभग आधे घंटे के भीतर आग को नियंत्रित कर लिया गया, जिससे बड़ी क्षति टल गई। कलेक्टर श्रीमती चौहान ने आग बुझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले सभी शासकीय सेवकों का उत्साहवर्धन किया और उनकी तत्परता एवं साहस की सराहना की।

श्रीकृष्णायन के समन्वयन से बाल संस्कार के लिए अहमदाबाद से मिलेगा सहयोग

ग्वालियर। गांधीनगर स्थित चिल्ड्रन्स रिसर्च यूनिवर्सिटी अहमदाबाद, गुजरात द्वारा बच्चों के समग्र विकास, संस्कार शिक्षा एवं प्रकृति आधारित जीवन मूल्यों को लेकर किए जा रहे कार्यों के संदर्भ में श्रीकृष्णायन आदर्श गौशाला, ग्वालियर की गतिविधियों की विशेष सराहना की गई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी.एस. जोशी जी ने आदर्श गौशाला के विभिन्न सेवा, संस्कार एवं प्रकृति आधारित प्रकल्पों का विश्वविद्यालय में उपस्थित सभी शिक्षाविदों एवं सदस्यों के साथ साझा किया तथा गौशाला को एक श्रेष्ठ संस्कार शाला के रूप में विकसित प्रेरक मॉडल बताया। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में बच्चों को ऐसे भविष्य के लिए तैयार करना आवश्यक है, जहां आध्यात्मिक चेतना, भारतीय संस्कृति, वैज्ञानिक दृष्टिकोण एवं प्रकृति के प्रति प्रेम का संतुलित विकास हो। विश्वविद्यालय में संचालित विभिन्न बाल विकास एवं संस्कार आधारित प्रकल्पों का भी अवलोकन कराया गया। बैठक के दौरान गर्भाधान संस्कार, बाल संस्कार, भारतीय संस्कृति एवं विज्ञान आधारित शिक्षा प्रणाली पर विशेष चर्चा हुई। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. टी.एस. जोशी ने ग्वालियर में श्रीकृष्णायन के समन्वयन से संस्कार एवं प्रकृति आधारित बाल विकास प्रकल्पमें सहयोग प्रदान करने की सहमति व्यक्त की।

एकल विद्यालय के छात्रों की नगर यात्रा शिक्षा, अनुभव और प्रेरणा का अनूठा संगम

ग्वालियर। एफ.टी.एस. युवा द्वारा गत दिवस बनवार, टोडा और झनकरी गांवों के एकल विद्यालया के 56 छात्रों के लिए एक विशेष नगर यात्राका आयोजन किया गया। ग्वालियर के प्रमुख ज्ञानवर्धक स्थानों पर आधारित इस यात्रा ने छात्रों को शिक्षा और नए अनुभवों का एक शानदार अवसर प्रदान किया। यात्रा के दौरान छात्र सबसे पहले ग्वालियर के कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च इंस्टीट्यूट पहुंचे। यहां उन्हें सीपीआर का महत्वपूर्ण प्रशिक्षण दिया गया। छात्रों ने अस्पताल की कार्यप्रणाली को करीब से देखा इसके बाद, छात्रों का दल जियो म्यूजियम पहुंचा। यहां उन्होंने प्रकृति, डायनासोर जैसी विलुप्त प्रजातियों, ज्वालामुखी, मिट्टी, खनिजों और जल चक्र से जुड़ी रोचक जानकारियां प्राप्त की, जिससे उनकी वैज्ञानिक जिज्ञासा को नई उड़ान मिली। इसके बाद डिजिटल म्यूजियम के भ्रमण के दौरान छात्रों ने ग्वालियर के समृद्ध इतिहास को जाना और सौर मंडल पर आधारित एक शानदार प्रेजेंटेशन का आनंद लिया, जिसने उनके सीखने के अनुभव को बेहद रोमांचक बना दिया। इस पूरी यात्रा के दौरान युवा समिति के 16 सदस्यों ने परिवहन सहित सभी व्यवस्थाओं का सफल और सुचारू प्रबंधन किया।

गर्भवती महिला को अगवा करने वाला इनामी दबोचा

ग्वालियर। गांव मे घुसकर तबाडतोड गोलीबारी करके गर्भवती महिला को उठाकर भागे 10 हजार के ईनामी को तिघरा थाना पुलिस ने सात महीने बाद दबोच लिया। पुलिस इनामी से पूछताछ करने में जुट गई है। इस मामले में पुलिस ने पांच आरोपी पूर्व में पकड़ लिए थे। अभी भी इस मामलें आधा दर्जन से ज्यादा आरोपी फरार है। एएसपी अनु बेनीवाल ने बताया कि सात माह पूर्व तिघरा थाना

क्षेत्र में जोगेन्द्र उर्फ योगी गुर्जर अपने साथियों अंके गुर्जर, कल्ली उर्फ किलेदार गुर्जर, डीपी गुर्जर, तहसीला गुर्जर, शेरू गुर्जर, भोला गुर्जर, रवि गुर्जर, सत्यवीर गुर्जर, प्रदीप गुर्जर व चार पांच अन्य के साथ गर्भवती के घर पर पहुंचे और उसे अगवा कर ले जाने लगे। जब उसके पति व अन्य परिजनों ने विरोध किया तो आरोपियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग की और गर्भवती को अगवा कर ले गए थे। इस मामले में पुलिस ने डकैती सहित अन्य धाराओं में मामला दर्ज किया था। दो दिन की मशक्कत के बाद गर्भवती को बरामद कर लिया था। इसके बाद से ही पुलिस आरोपियों की तलाश में लगी थी और पांच बदमाशों को पकड़ लिया था। इस मामले में पुलिस कप्तान धर्मवीर सिंह ने सभी आरोपियों पर दस-दस हजार रुपए का इनाम घोषित किया था। पुलिस ने करीब एक सैकड़ा बल के साथ आरोपियों की तलाश में उनके गांवों में दबिश दी थी। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी हुई थी की तभी पता चला कि वारदात में शामिल दस हजार रुपए का इनामी आरोपी सत्यवीर गुर्जर पुत्र रामबरन गुर्जर उम्र 51 साल निवासी ग्राम पहाडी बानमौर हाईवे के पास खजूर वाले हनुमान जी मंदिर परिसर में बैठा हुआ है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और उसे दबोचकर पूछताछ करना शुरू कर दिया है।

4 कॉलेजों की संबद्धता अमान्य, 10 की होल्ड पर

● आचरण संवाददाता

ग्वालियर। जीवाजी विश्वविद्यालय से संबद्ध सामान्य एवं मैनेजमेंट पाठ्यक्रम संचालित करने वाले 191 महाविद्यालयों की संबद्धता पर विचार-विमर्श करने के लिए स्थायी समिति बैठक मंगलवार को दोपहर आयोजित की गई। बैठक में जिन महाविद्यालयों में वेतन नकद देने के साथ ही कुछ अन्य कमियां पाई गई थीं, उनकी संबद्धता को होल्ड पर रखा गया है, वहीं जिन महाविद्यालयों की निरीक्षण समिति ने ही संबद्धता देने की अनुशंसा नहीं की थी, उन्हें अमान्य कर दिया गया है। अब स्थायी समिति की बैठक के मिनिट्स को कार्यपरिषद की बैठक में रखा जाएगा। इसके बाद ही संबद्धता पर अंतिम फैसला लिया जाएगा।

जेयू स्थायी समिति की बैठक में लिया निर्णय

नगद वेतन देने पर इनकी संबद्धता होल्ड: जिन महाविद्यालयों में शिक्षक और कर्मचारियों का वेतन नगद नहीं दिया जा रहा था, ऐसे महाविद्यालयों की संबद्धता को होल्ड पर रखा गया है। इनमें उमा डिग्री कॉलेज मुरैना, जीएलएस कॉलेज मुरैना, एसडीएमजे कॉलेज मुरैना, मां शांतिदेवी कॉलेज मुरैना, मां शांतिदेवी कॉलेज सबलगढ़, इंद्रा इंस्टीट्यूट ऑफ प्रोफेशनल स्टडीज मुरैना, जय मां कैलादेवी महाविद्यालय मुरैना, स्वामी रामकृष्णा परमहंस महाविद्यालय मुरैना, श्री वैष्णव कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट मुरैना, सर्वानी कॉलेज, मुरैना, आरएबी महाविद्यालय अकबरपुर ग्वालियर शामिल हैं।

निरीक्षण समितियों अनुशंसा नहीं, उन्हें नहीं मिली संबद्धता: निरीक्षण समितियों ने जिन महाविद्यालयों ने अनुशंसा नहीं की थी, उन महाविद्यालयों को भी संबद्धता नहीं दी गई है। इनमें सीपीएस महाविद्यालय बड़ागांव, आरडीएस विद्याश्रम ग्रुप ऑफ कॉलेज, मुरैना, जयमाता दी कॉलेज मुरैना, इंद्रप्रस्थ इंस्टीट्यूट ऑफ आर्ट्स, साइंस एंड मैनेजमेंट, कैलारस में कमियों की वजह से निरीक्षण समितियों ने संबद्धता दिए जाने की अनुशंसा नहीं की थी, इसलिए समितियों की अनुशंसा को मान्य करते हुए इन्हें भी संबद्धता नहीं दी गई है।

यातायात में बाधक हाथ ठेले वाले हटाए

ग्वालियर। नगर निगम के मदाखलत अमले द्वारा सुगम यातायात के लिए शहर के विभिन्न स्थानों से अस्थाई अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जा रही है। मदाखलत अधिकारी रवि कोरी ने बताया कि नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार नोडल अधिकारी केशव सिंह चौहान के निर्देशन में दक्षिण विधानसभा अंतर्गत महाराज बाड़ा स्थित गांधी मार्केट एवं छापाखाना मुख्य मार्ग पर यातायात में बाधक हाथ ठेले वालों को हटाया जाकर सामान जब्ती की कार्रवाई की गई। इसके साथ ही मुख्य मार्गो पर रखी आइसक्रीम की मशीनों को जब्त कर अतिक्रमणकारियों को सख्त हिदायत दी गई कि मुख्य मार्ग पर किसी प्रकार का अतिक्रमण न किया जाए अन्यथा मदाखलत विभाग द्वारा मौके पर ही जुर्माना वसूलने की कार्रवाई की जाएगी। उक्त कार्रवाई में दक्षिण विधानसभा का अमला उपस्थित था।

तेजी से करें कचरा निस्तारणः राव

ग्वालियर। स्वच्छ सर्वेक्षण की तैयारियों को लेकर अपर आयुक्त टी प्रतीक राव ने केदारपुर स्थित कचरा निस्तारण केंद्र का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने वहां पर साफ-सफाई रखने, पेंटिंग आदि कर निस्तारण केंद्र को सुंदर बनाने के निर्देश दिए हैं। निरीक्षण के दौरान उपायुक्त मुकेश बंसल, सहायक नोडल अधिकारी एसबीएम शैलेन्द्र सक्सैना सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे। अपर आयुक्त टी प्रतीक राव ने कचरा निस्तारण केंद्र का निरीक्षण करते हुए निर्देश दिए है कि प्लांट पर पर्याप्त मात्रा में साफ-सफाई की जाए, प्लांट पर बिलकुल भी गंदगी नही होनी चाहिए। उन्होंने निर्देश दिए कि प्लांट की दीवारों की वॉल पेंटिंग की जाए जिससे प्लांट सुंदर दिखे। इसके साथ ही उन्होंने कचरा निस्तारण कार्य को तेज गति से करने के निर्देश दिए हैं।

वाहन चोर पकड़े, अपाचे बरामद

ग्वालियर। थाटीपुर थाना पुलिस ने दो वाहन चोर पकड़े है। पकड़े गए वाहन चोरों से पुलिस ने चोरी की अपाचे बाइक बरामद की है। अब पुलिस पकड़े गए चोरों से पूछताछ में जुट गई है। सीएसपी मुरार अतुल कुमार सोनी ने बताया कि सूचना मिली थी कि चोरी की बाइक के साथ देखे गए है। इसका पता चलते ही पुलिस टीम को रवाना किया गया और थाटीपुर पुलिस ने दो संदेहियों को दबोचा और पूछताछ के बाद पकड़े गए संदेहियों ने चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने पकड़े गए टिंकल उर्फ हीमेश वंशकार और धारा उर्फ चिराग वंशकार को दबोच कर अपाचे बाइक बरामद कर ली है।

बसों में सुरक्षा नियमों की अनदेखी पर प्रशासन सख्त

15 बसें पकड़ी गईं, अर्थदंड लगाया

● आचरण संवाददाता

ग्वालियर। हाल ही में शिवपुरी में हुए दर्दनाक बस अग्निकांड के बाद परिवहन विभाग ने सार्वजनिक परिवहन व्यवस्थाओं की सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपना लिया है। इसी क्रम में मंगलवार को दतिया जिले में व्यापक निरीक्षण अभियान चलाकर यात्री बसों की गहन जांच की गई। कार्रवाई के दौरान कई बसों में सुरक्षा मानकों की गंभीर अनियमितताएं सामने आने पर विभाग ने 15 बसों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई करते हुए 2 लाख 70 हजार रुपए का जुर्माना वसूला।

निरीक्षण अभियान में अधिकारियों ने बसों में मौजूद अग्निशमन यंत्र, आपातकालीन निकास, स्लीपर कोच की बनावट, ड्राइवर केबिन और यात्री सुरक्षा से जुड़े अन्य आवश्यक प्रबंधों का परीक्षण किया। जांच में कई वाहनों में सुरक्षा उपकरण अधूरे मिले, जबकि कुछ बसों में इमरजेंसी विंडो और फायर सेफ्टी सिस्टम मानकों के अनुरूप नहीं पाए गए। वहीं कुछ बसों के चालक केबिन अंदर से लॉक मिले, जो किसी भी दुर्घटना की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्य में बड़ी बाधा बन सकते हैं।

आरटीआई प्रवीण नाहर ने बताया कि परिवहन नियमों के अनुसार ड्राइवर केबिन का स्लाइडिंग गेट बिना लॉकिंग व्यवस्था के होना अनिवार्य है, ताकि आपातकालीन हालात में तत्काल पहुंच बनाई जा सके। इसके बावजूद कई बस संचालक नियमों की अवहेलना करते पाए गए। जांच के दौरान कुछ स्लीपर कोच बसों में अवैध स्लाइडर भी लगे मिले, जिन्हें सुरक्षा की दृष्टि से बेहद खतरनाक माना गया।

परिवहन विभाग के अधिकारियों ने दो टूक कहा कि यात्रियों की जिंदगी से खिलवाड़ करने वाले वाहन संचालकों के खिलाफ आगे भी कठोर कार्रवाई जारी रहेगी। विभाग का मानना है कि ओवरलोडिंग, अपर्याप्त सुरक्षा संसाधन और नियमों की अनदेखी सड़क हादसों को न्योता देती है, इसलिए ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी। अभियान में आरटीआई प्रवीण नाहर, राहुल शर्मा, ठाकुर लाल राठौर और धीर सिंह सहित परिवहन विभाग की टीम सक्रिय रूप से मौजूद रही।

राज्य वित्त आयोग आज ग्वालियर में

● आचरण संवाददाता

ग्वालियर। छठवां राज्य वित्त आयोग 20 मई को ग्वालियर प्रवास पर रहेगा। इस दिन राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया की अध्यक्षता में जनप्रतिनिधियों एवं संभाग स्तरीय बैठकें आयोजित होंगी। इस दौरान वित्त आयोग द्वारा स्थानीय स्वशासी संस्थाओं की वित्तीय स्थिति, पारदर्शिता, गुणवत्ता तथा आर्थिक स्वावलंबन के संबंध में जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों से सुझाव प्राप्त किए जायेंगे। ग्वालियर आ रहे राज्य वित्त आयोग के दल में आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया, सदस्य के के सिंह एवं सदस्य सचिव वीरेन्द्र कुमार शामिल हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष श जयभान सिंह पवैया की अध्यक्षता में प्रातः 11.30 बजे वीआईपी सर्किट हाउस मुरार पर जनप्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक होगी। इस बैठक में ग्वालियर जिले के मंत्री , सांसद व विधायक, महापौर, नगर निगम सभापति, जिला पंचायत अध्यक्ष एवं स्थानीय नगरीय निकाय व पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधियों से वित्तीय स्थिति पर चर्चा की जायेगी एवं जनप्रतिनिधियों के सुझाव लिए जायेंगे। राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया की अध्यक्षता में 20 मई को दोपहर 2.30 बजे चंद्रवदनी नाका के समीप स्थित संभाग आयुक्त कार्यालय के सभागार में संभागीय आयुक्त, ग्वालियर संभाग के विभिन्न जिलों के कलेक्टर, नगर

अध्यक्ष पवैया की अध्यक्षता में होंगी महत्वपूर्ण बैठकें

निगम आयुक्त ग्वालियर एवं ग्वालियर संभाग के समस्त जिला मुख्यालयों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों की बैठक होगी। बैठक में निकायों के मूल दायित्वों, स्वच्छता, पेयजल, विकास कार्यों की गुणवत्ता तथा स्वयं के राजस्व स्रोतों में वृद्धि के उपायों पर विचार-विमर्श किया जाएगा। साथ ही नगरीय एवं पंचायत क्षेत्रों में सहकारिता आधारित नवाचारों पर भी चर्चा होगी।

वित्त आयोग का दल 21 मई को मुरैना में चंबल संभाग के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों के साथ बैठक करेगा। दौरे के दौरान आयोग द्वारा केंद्र एवं राज्य पोषित योजनाओं के क्रियान्वयन की वास्तविक स्थिति जानने के लिए औचक निरीक्षण भी किया जायेगा।

व्यावसायिक नैतिकता, ईमानदारी, उत्तरदायित्व एवं कार्यस्थल मूल्यों का संरक्षण पर संगोष्ठी

ग्वालियर। मध्य भारत शिक्षा समिति द्वारा संचालित माधव विधि महाविद्यालय एवं रिसर्च सेंटर, ग्वालियर तथा महारानी लक्ष्मी बाई शासकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय के मध्य फैकल्टी एक्सचेंज प्रोग्राम के अंतर्गत मंगलवार को व्यावसायिक नैतिकता, ईमानदारी, उत्तरदायित्व एवं कार्यस्थल मूल्यों का संरक्षण विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम डॉ. नीति पाण्डेय, प्राचार्य, माधव विधि महाविद्यालय एवं रिसर्च सेंटर, ग्वालियर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कु. सोनाली दुबे, सहायक प्राध्यापक, माधव विधि महाविद्यालय एवं रिसर्च सेंटर, ग्वालियर उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने व्याख्यान में व्यावसायिक नैतिकता के विभिन्न आयामों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि वर्तमान समय में सफलता प्राप्त करने के लिए केवल ज्ञान ही नहीं, बल्कि ईमानदारी, उत्तरदायित्व, नैतिक मूल्यों एवं कार्य के प्रति समर्पण की भावना भी अत्यंत आवश्यक है उन्होंने विद्यार्थियों को अपने जीवन एवं कार्यक्षेत्र में नैतिक मूल्यों को अपनाने तथा सामाजिक दायित्वों के प्रति जागरूक रहने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों एवं प्राध्यापकों ने विषय पर विचार-विमर्श किया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों के लिए अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक सिद्ध हुआ।

बिरला नगर अस्पताल में लगा न्यूरोपैथी शिविर, 70 मरीजों ने कराई जांच

ग्वालियर। सिविल अस्पताल बिरला नगर के आर्थोपेडिक विभाग में मंगलवर को सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक न्यूरोपैथी शिविर का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। सिविल अस्पताल बिरला नगर ग्वालियर के अधीक्षक डॉ.जे.के. मसूरिया ने बताया कि मंगलवार को सिविल अस्पताल बिरला नगर में लगे न्यूरोपैथी शिविर में जिसमें लगभग 60 से 70 मरीजों ने जांच करा कर अपना इलाज कराया उन्होंने आगे बताया कि न्यूरोपैथी की समस्या उन मरीजों में होती है जिनकी कमर में कोई नस दब रही होती है जिसे स्लिप डिस्क की बीमारी कहते है , साथ साथ ये समस्या शुगर के मरीजों में भी प्रायः देखने को मिलती है , ऐसे मरीजों को अक्सर पैरों में झुनझुनी, सुन्न पन का अहसास होता है।कैंप का आयोजन सिविल अस्पताल बिरला नगर के अधीक्षक डॉ जे. के. मसूरिया के मार्गदर्शन में अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ ए. के. खरे और डॉ हरेंद्र तोमर ने कराया।

आईटीएम ग्लोबल स्कूल में समर कैंप का समापन

● आचरण संवाददाता

ग्वालियर। आईटीएम ग्लोबल स्कूल ग्वालियर में 'बोयांस' समर कैंप-2026 का समापन बड़े ही धूमधाम, मस्ती और सांस्कृतिक गतिविधियों के साथ किया गया। बोयांस के समापन अवसर पर संस्थान के तुरारी परिसर स्थित एलडीबी ब्लाक स्थित उस्ताद उलाउद्दीन खान आडिटोरियम में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जहां समर कैंप के दौरान खेल-खेल में अर्जित किये हुनर का बच्चों ने बखूबी प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में ग्वालियर ग्रामीण के एएसपी जयराज कुबेर शामिल हुए। इस अवसर पर आईटीएम ग्लोबल स्कूल की प्रिंसिपल गीता एस., डीन एकेडमिक एंड एक्टिविटीज प्लानिंग अनीता मित्तल, सीएओ रेनू अग्रवाल के अलावा शिक्षक, प्रशिक्षक, छात्र-छात्राएं और उनके अभिभावक विशेष रूप से मौजूद रहे।

आईटीएम ग्लोबल स्कूल ग्वालियर में आयोजित समर कैंप बोयांस-2026 के समापन कार्यक्रम के मुख्य अतिथि ग्वालियर ग्रामीण के एएसपी जयराज कुबेर ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि वर्तमान समय में बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए केवल शैक्षणिक शिक्षा ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि उनके व्यक्तित्व, व्यवहार, आत्मविश्वास और रचनात्मक कौशल का विकास भी अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों को पढ़ाई के साथ-साथ खेल, कला, संचार कौशल और अनुशासन जैसी गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी करनी चाहिए, जिससे उनका सर्वांगीण विकास हो सके। उन्होंने समर कैंप «बोयांस-2026» के सफल आयोजन की सराहना करते हुए कहा कि 14 दिनों तक चले इस कैंप में आईटीएम ग्लोबल स्कूल ग्वालियर और शिक्षकों द्वारा बच्चों के लिए जो सकारात्मक एवं रचनात्मक प्रयास किए गए हैं, वे वास्तव में प्रशंसनीय हैं। मुझे आज बच्चों की प्रतिभा, ऊर्जा और आत्मविश्वास को देखकर अत्यंत गर्व की अनुभूति हो रही है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन बच्चों को नई चीजें सीखने, स्वयं को पहचानने और अपने भीतर छिपी प्रतिभाओं को निखारने का अवसर प्रदान करते हैं।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में मोबाइल फोन के बढ़ते उपयोग पर भी चिंता व्यक्त की। उन्होंने बच्चों को समझाते हुए कहा कि तकनीक आज जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुकी है, लेकिन इसका सही और संतुलित उपयोग करना बेहद जरूरी है। बच्चों को यह समझना चाहिए कि उनके लिए क्या अच्छा है और क्या बुरा। यदि मोबाइल का उपयोग ज्ञान, सीखने और रचनात्मकता के लिए किया जाए तो यह उपयोगी साबित हो सकता है, लेकिन अत्यधिक और गलत उपयोग नुकसानदायक भी हो सकता है। उन्होंने अभिभावकों की भूमिका को भी महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि आज के समय में माता-पिता बच्चों के सपनों और विकास में कंधे से कंधा मिलाकर उनका सहयोग कर रहे हैं। अभिभावकों का निरंतर प्रोत्साहन और समर्थन ही बच्चों को आगे बढ़ने की शक्ति देता है।

उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-एन-2026-119 दिनांकः 19.05.2026

ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।

कार्य का नाम : सिविल इंजीनियरिंग वर्क अंडर सीनियर डीईएन / नार्थ / झाँसी इन कनेक्शन विद "झाँसी डिवीजनः- प्रोविज़न ऑफ़ क्विक वाटरिंग फेसिलिटीस फॉर पैसेंजर ट्रेन्स एट ग्वालियर।

अनुमानित लागत (रू): ₹ 3523576.80 | अमानत राशि (रू): ₹ 70500.00

निविदा बन्द होने की तिथि: 10.06.2026 at 15:00 hrs.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि: 06 माह

● निविदा दिनांक 10.06.2026 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के बेवसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1129/26(A)

North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

कार्यालय आयुक्त नगर पालिक निगम, ग्वालियर

प्र.क्र. 13/26, 14/26X6/4/विद्युत ग्वालियर, दिनांक : 18/05/2026

// ई-निविदा सूचना //

निम्नलिखित कार्य हेतु केंद्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट पोर्टल www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

क्र.	टेण्डर क्र./ जारी दिनांक	कार्य का नाम	कार्य की समय अवधि एवं लागत	निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ई.एम.डी.	निविदा की अंतिम तिथि
1	2026_UAD _497620_2 dated 12.05.2026	Providing, Supplying, Erection, testing & commissioning of pole & light at gram ganga malanpur File No. 13/26X6/4	60 days 10,96,976.6/-	Rs. 2000/- Rs. 8,227/-	29.05.2026
2	2026_UAD _497615_2 dated 12.05.2026	Providing, Supplying, Erection, testing & commissioning of pole & light at gram nagor ward 66 File No. 14/26X6/4	60 days 1116590/-	Rs. 2000/- Rs. 8,375/-	29.05.2026

नोटः- निविदा से संबंधित किसी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

R.O. क्रमांक 334 दिनांक 19/05/2026 सहायक यंत्री (विद्युत), नगर पालिक निगम ग्वालियर

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दतिया (म.प्र.)

क्र./ई-निविदा/2026/ दतिया, दिनांक:- ______

संक्षिप्त विज्ञप्ति

ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना/2026-27 (अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु)

जिला दतिया में स्वास्थ्य विभाग (कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी दतिया) के अंतर्गत वर्ष 2026-27 के लिये स्वास्थ्य संस्थाओ मे मोबिलिटी सर्विस (व्हीकल हायर) के लिये आउटसोर्स एजेन्सी के चयन हेतु अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु वार्षिक दर पर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें ई-निविदा प्रणाली आधारित म.प्र. शासन द्वारा संचालित ई-टेंडरिंग वेबसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र ई-वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत दिनांक से डाउनलोड किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन नियत दिनांक से ऑनलाईन निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा कर निविदायें क्रय की जावेगी। विभिन्न प्रकार की निविदाओ के संबंध मे निविदा नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र मे वर्णित रहेगी। ऑनलाईन निविदाओ का विवरण निम्नानुसार है :-

S. No.	Online Tender	Tender Description	Online Tender Fees	Publishing Date	Download/sale Started Date	Preibid Meeting Date	Submission Started Date	Submission End Date	Technical Bid Opening Date
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1	2026_DHS_507829	Mobility Services (Vehicle Hired Services)	2000	20.05.2026 At 10:30 Hrs	20.05.2026 At 13:00 Hrs	27.05.2026 At 16:00 Hrs	28.05.2026 At 16:30 Hrs	06.06.2026 At 17:30 Hrs	08.06.2026 At 13:00 Hrs

नोटः-
1. ऑनलाईन निविदा निविदाओ में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर ई-टेंडरिंग वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा। इसकी पृथक से (ई-मेल/पत्र के माध्यम से) सूचना प्रसारित नहीं की जावेगी। निविदाकार द्वारा स्वयं की ई-टेण्डरिंग लॉगिन आईडी के माध्यम से संबंधित निविदा मे संशोधन को देखा जा सकेगा।
2. निविदाएं ऑनलाईन ही मान्य की जावेगी।
3. निविदाओ के संबंध में नियत दिनांको मे निविदाओ की कार्यवाही पूर्ण न होने पर अथवा शासकीय अवकाश होने की स्थिति मे आगामी कार्य दिवस मे निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी।
4. निविदा की दिनांक व समय से संबंधित सूचना ऑनलाईन साईट www.mptenders.gov.in पर जो दिनांक व समय दिया जाएगा वही सभी निविदाकारों के लिये मान्य होगा।

जी-13134/26

यातायात नियमों का रखो ध्यान, दुर्घटनाओं पर लगाओ पूर्ण विराम।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला दतिया, (म.प्र.)

Signature Not Verified
Digitally signed by SANDEEP SHARMA
Date: 2026.05.20 16:34:10 IST
Location: Madhya Pradesh-MP